आदेश और पदाधिकरी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी और तारीख सहित
2	3

न्यायालय अन्तर्गत अनुमंडल पदाधिकारी,राजमहल।
पी0ए0 वाद सं0–01/2018–19
आवेदिका– रांधोन सोरेन
बनाम
16 आना रैयत, मौजा–दूधकोल
आदेश

02.8.18 आवेदिका रांधोन सोरेन पति स्व0 कन्हाय हेम्ब्रम सा0– दूधकोल, थाना–तालझारी, जिला– साहेबगंज के द्वारा दाखिल प्रधानी बहाली आवेदन से संतुष्ट होकर वाद की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए मौजा दूधकोल के 16 आने रैयतों को विधिवत नोटिस निर्गत कर आपत्ति आमंत्रित की गयी।

नोटिश तामिला प्रतिवेदन प्राप्त हुआ। मौजा– दूधकोल के 16 आने रैयतों के द्वारा किसी भी प्रकार की आपत्ति दर्ज नहीं की गयी।

आवेदिक को सुना। उनके द्वारा बताया गया कि मौजा दूधकोल के पूर्व प्रधान स्व0 कन्हाय हेम्ब्रम थे, जो मेरे पति थे। उनकी मृत्यु हो जाने के पश्चात् उक्त मौजा के कार्यवाहक प्रधान के रूप में मैं स्वयं कार्य कर रही हूँ एवं मौजा का प्रधानी पद रिक्त है। उनके द्वारा मौजा– दूधकोल के रिक्त प्रधान पद पर नियुक्ति हेतु अनुरोध किया है।

अंचल अधिकारी तालझारी ने पत्रांक 221/रा0 दिनांक 23.05.2018 के द्वारा जाँच प्रतिवेदन प्राप्त। अंचल अधिकारी ने अपने जाँच प्रतिवेदन में उल्लेख किया है कि आवेदिका पूर्व प्रधान स्व0 कन्हाय हेम्ब्रम की पत्नी है। पूर्व प्रधान स्व0 कन्हाय हेम्ब्रम के मरणोपरान्त उनका पत्नी रांधोन सोरेन उक्त मौजा का कार्यवाहक प्रधान के रूप में स्वयं कार्य कर रही हैं तथा इनके द्वारा मौजा का लगान जमा किया जाता है। अंचल अधिकारी, तालझारी के द्वारा आवेदिका रांधोन सोरेन पति स्व0 कन्हाय हेम्ब्रम, सा0– दूधकोल, पो0– तालझारी थाना–तालझारी जिला साहेबगज, को मौजा– दूधकोल के प्रधान पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसा की गयी है।

अतएव अंचल अधिकारी, तालझारी की अनुशंसा एवं 16 आने रैयतों के आपत्ति के अभाव में आवेदिका रांधोन सोरेन पति स्व0 कन्हाय हेम्ब्रम, सा0– दूधकोल, पो0– तालझारी थाना–तालझारी जिला साहेबगज, को संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम 1949 की धारा 6 के तहत् मौजा– दूधकोल के रिक्त प्रधान के पद पर नियुक्त किया जाता है। आवेदिका को आदेश दिया जाता है कि वे कबुलियत दाखिल करें तत्पश्चात् पट्टा निर्गत किया जायेगा।

आदेश की प्रति अंचल अधिकारी, तालझारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजें।

लेखापित एवं संशोधित

[signature] 2/8/18

अनुमंडल पदाधिकारी,
राजमहल

[signature] 2/8/18

अनुमंडल पदाधिकारी
राजमहल

3.8.18 अभिलेख आज उपस्थापित। नवनियुक्त प्रधान के द्वारा कबुलियत दाखिल किया गया है। पट्टा निर्गत करें।

[signature] 3/8/18

अनुमंडल पदाधिकारी,
राजमहल।

रांधोन सोरेन